an>

Title: Regarding providing relief to the farmers affected by hailstorm in Ganganagar, Rajasthan

श्री निहाल चन्द (गंगानगर): माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्र श्रीगंगानगर से आता हूँ। मेरे लोक सभा क्षेत्र में परसों शाम को बहुत ज्यादा ओला-वृÂिष्ट हुई है। इसके प्रकोप से वहाँ की सारी फसलें बर्बाद हो गयी हैं। किसानों की लगभग 70 प्रतिशत फसलें बर्बाद हो गयी हैं, जिनमें गेहूँ, ज्वार, सरसों आदि की फसलें हैं। इससे किसानों को बहुत बड़ा नुकसान हुआ है, जिसके कारण उनकी स्थिति दयनीय हो गयी है।

वैसे तो राजस्थान में सरसों की फसल 3700 रुपये समर्थन मूल्य के भाव पर बिकती है, लेकिन वहाँ पर सिर्फ 3000 या 3200 रुपये के हिसाब से ही सरसों की फसल किसानों से खरीदी जा रही है। वहाँ के किसानों पर दोहरी मार पड़ रही है।

मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से आग्रह करता हूँ कि ओला-वृÂिष्ट के कारण किसानों की जितनी भी फसलें खराब हुई हैं, उसका सर्वे किया जाए। सर्वे की रिपोर्ट के अनुसार, फसलों की बर्बादी के लिए सरकार की ओर से कंपेनसेशन दिया जाए। सरसों की फसल, जिसका समर्थन मूल्य 3700 रुपये है, के हिसाब से ही खरीदी जाए।

HON. SPEAKER: Shri Bhairon Prasad Mishra and Om Birla are permitted to associate with the issue raised by Shri Nihal Chand.